महत्वपूर्ण एवं खास

राज्यपाल ने तिरुपति में पूजा-अर्चना बालाजी से देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल रमेन डेका ने कल तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी के दर्शन किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने भगवान वेंकटेश्वर स्वामी की विधिवत पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ सहित समस्त देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल को मंदिर प्रबंधन की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी सहित राज्यपाल के परिजन उपस्थित रहे।

11 नवंबर तक रायपुर जेल में बंद रहेगा गैंगस्टर अमन साव

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में ष्टछवरू कोर्ट ने जेल में बंद झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर और तेलीबांधा शूटआउट के मास्टरमाइंड अमन साव की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है. यानि अमन साव अब 11 नवंबर तक रायपुर जेल में ही बंद रहेगा। कारोबारी पर शूटआउट मामले में तेलीबांधा थाना पुलिस ने अमन साव को कोर्ट में पेश न करके रिमांड बढ़ाने का आवेदन लगाया था, जिसपर ष्टछवरू कोर्ट ने रिमांड बढ़ाने का फैसला सुनाया है। बता दें कि झारखण्ड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव फिलहाल रायपुर पुलिस की रिमांड पर है। अमन पर रंगदारी वसूलने और राजधानी रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पीआरए ग्रुप के ऑफिस के बाहर कारोबारी पर फायरिंग कराने का आरोप है। इसके लिए उसने गुर्गे भी भेजे थे। इसके अलावा अन्य मामलों में भी रायपुर पुलिस अमन से पूछताछ कर रही है।

तालाब में डूबने से तीन लड़कियों की मौत

धमतरी (आरएनएस)। धमतरी जिले के बेलरगांव में तालाब में डूबने से दो सगी बहनो समेत तीन लड़कियों की मौत हो गई है। तीना तालाब में नहाने गई थी इस दौरान डूबने से तीनों की मौत हो गई। पुलिस शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बेलरगांव की रहने वाली तीन लड़कियां काजल यादव (15 वर्ष),यामिनी यादव (17 वर्ष) तथा सेविका कोर्राम (12 वर्ष) गांव के ही तालाब में नहाने के लिए गई थी। इसी दौरान सेविका कोर्राम गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी जिससे डूबते देखकर दोनों बहने काजल और यामिनी उसे बचाने के लिए पानी में कूद पड़ी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने यह दृश्य देखा और परिजनों के इसकी सूचना दी। तत्काल परिजन मौके पर पहुंचे और तीनों बच्चियों को पानी से बाहर निकाला तथा उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया किंतु तब तक देर हो चुकी थी और तीनों बच्चियों की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद सूचना पर अस्पताल पहुंची सिहावा थाना पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

रायपुर दक्षिण उपचुनाव : विधायक अनुज शर्मा बनाए गए स्टार प्रचारक

धरसीवां (आरएनएस)। प्रदेश के रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए एक बार फिर बीजेपी ने धरसींवा विधायक अनुज शर्मा को स्टार प्रचारक बनाया गया है. बता दें कि इससे पहले भी उन्होंने लोक सभा चुनाव में भी स्टार प्रचारक की भूमिका निभाई थी। वहीं पार्टी के इस फैसले से कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर नजर आ रही है. बीजेपी ने रायपुर दक्षिण के विधानसभा उपचुनाव को लेकर अपने स्टार प्रचारकों के नाम का ऐलान किया है। बीजेपी ने प्रदेश के कुल 40 नेताओं के नाम इस सूची में शामिल किए गए हैं. जिसमें सीएम साय सहित धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के नाम भी इसमें शामिल है. आपको बता दें कि इससे पहले भी धरसींवा विधायक ने अपने धुआंधार प्रचार से भाषण शैली और वाकपटुता से लोहा मनवाया है. बता दें कि अनुज शर्मा धरसींवा विधान सभा के विधायक और स्टार प्रचारक के साथ छालीवुड के सुपरस्टार हैं.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान रायपुर का किया वर्चुअली शिलान्यास

❒ 10 एकड़ क्षेत्र में 24 माह में तैयार होगा 100 बिस्तरों का केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान

❒ प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार की तरफ अग्रसर होंगे छत्तीसगढ़ के युवा: स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

रायपुर | आरएनएस

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर वर्चुअल माध्यम से रायपुर में बनने वाले 100 बिस्तरों वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (ष्टक्रढ्ढढ्ढघह) का शिलान्यास किया।प्रधानमंत्री मोदी अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से रायपुर से जुड़े थे। मोदी ने कहा कि देश के लोग जितना ज्यादा स्वस्थ रहेंगे, देश की प्रगति उतनी ही तेजी से होगी। पूरी दुनिया के लोग योग और पंचकर्म के लिए भारत आते हैं और आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ काम रही है। केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान रायपुर को केन्द्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (सीसीआरवायएन) के तहत स्थापित किया जा रहा है। 90 करोड़ रूपए की लागत से इस संस्थान का निर्माण 24 माह में पूरा होगा। राज्य सरकार ने इस संस्थान के लिए 10 एकड़ की भूमि विभाग को उपलब्ध करा दी है। यह छत्तीसगढ़ का पहला योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र और अस्पताल होगा जो गैर संचारी रोगों जैसे मोटापा, प्रीडायबिटीज, मेटाबोलिक सिंड्रोम, व गठिया आदि के उपचार की सुविधा प्रदान करेगा। अनुसंधान केन्द्र में बाह्य रोगी और प्रशासनिक ब्लॉक, आंतरिक रोगी ब्लॉक, स्टाफ क्वार्टर, योग हॉल, आहार केन्द्र, मालिश और फिजियोथेरेपी अनुभाग के साथ ही अनुसंधान ब्लॉक भी स्थापित होंगे। यह केन्द्र स्पा और वेलनेस थेरेपी में प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम और अनुसंधान में फेलोशिप पाठ्यक्रम संचालित करेगा।

केंद्र में वेलनेस थिरेपी में प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम और अनुसंधान में फेलोशिप पाठ्यक्रम का भी संचालन होगा। इस संस्थान के शुरू होने से योग और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रभावों के बारे में नए ज्ञान का विकास होगा। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश अपनी पुरानी पद्धतियों को संजोकर लगातार आगे बढ़ रहा है। जायसवाल ने कहा कि आज धनतेरस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के रूप में जो उपहार दिया है उसे हम और हमारी आने वाली पीढियां भी याद करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि इस अनुसंधान केंद्र के स्थापित हो जाने के बाद राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। युवा यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर सक्षम बनेंगे और स्वरोजगार को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा कि भारत देश योग और आयुर्वेद में सदैव अग्रणी रहा है और इस तरह के अनुसंधान केंद्रों के खुलने से इस परंपरा को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के चतुर्मुखी विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार ,मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल है। रायपुर के डीडीयू ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक खुशवंत साहेब, विधायक मोती लाल साहू, आयुष विभाग के अधिकारी एवं आयुर्वेद कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

सीएम विष्णुदेव की पहल से मिली बड़ी सौगात, तीन सड़कों के विकास के लिए 194 करोड़ रुपए की मिली मंजूरी

रायपुर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से जशपुर जिले में लगातार आवागमन की सुगमता के लिए सडक़ निर्माण के लिए पहल की जा रही है।सीएम साय की पहल पर जिले के तीन प्रमुख सडक़ों के विकास के लिए 194.84 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है, यह कदम जिले में आवागमन की सुगमता को बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया गया है।गौरतलब है की केन्द्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में आठ सडक़ों के विकास के लिए 892 करोड़ 36 लाख रुपए की मंजूरी दी है।

इस राशि से राज्य के छह जिलों में करीब 324 किलोमीटर सडक़ों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जायेंगे। जिसमें जशपुर जिले के बागबहार दृकोतबा सडक़ खंड में 13.50 किलोमीटर के लिए 40.02 करोड़ एवं लुडेग दृतपकरा दृलवाकेरा सडक़ खंड में 41 किलोमीटर के लिए 118.95 करोड़ और जशपुर आस्ता दृकुसमी सडक़ खंड में 28 किलोमीटर लंबाई के लिए 35.87 करोड़ रुपए से मजबूतीकरण का कार्य शामिल हैं।इन सडक़ों के निर्माण और मजबूतीकरण से न केवल आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि यह क्षेत्र के विकास को भी गति प्रदान करेगा।

जिले के विकास में आई तेजी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस पहल से जिले के विकास में तेजी आई है। बेहतर सडक़ों से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा, और स्थानीय निवासियों को भी लाभ होगा। सडक़ निर्माण से न केवल यातायात में सुधार होगा, बल्कि यह पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा देगा।

इस परियोजना का कार्यान्वयन जल्द ही शुरू होगा, जिससे क्षेत्रवासियों को सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा और विकास की नई राहें खुलेंगी।जशपुर जिले में सडक़ विकास का यह कदम मुख्यमंत्री साय के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो स्थानीय लोगों के जीवन को सरल और सुलभ बनाने में सहायक साबित होगा।

लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार : लिफ्ट देने के बहाने महिला से लूटा था कैश और जेवर

अंबिकापुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में लूटपाट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप बस का इंतजार कर रही महिला को लिफ्ट देने के बहाने आरोपी ने लूटपाट किया था। आरोपी ने महिला से 5 हजार नगद, मोबाइल, मंगलसूत्र समेत अन्य जेवर की लूट पाट की थी। वहीं इस मामले में पुलिस ने आरोपी 45 वर्षीय शिव शंकर पुरी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना गांधीनगर थाना क्षेत्र की थी।

चाकू की नोक पर तीन बदमाशों ने की लूटपाट

वहीं बीते सप्ताह पहले बलौदाबाजार जिले में तीन बदमाशों ने राहगीरों से चाकू की नोक पर लूटपाट की थे। वहीं इस दौरान विरोध करने पर आरोपी ने दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया था। हमले में दो लोग घायल हो गए थे। पीड़ित व्यक्ति सुभाष सोनी अपने काम से वापस घर जा रहा था। इसी दौरान तीन स्कूटी सवार बदमाश उनसे लूटपाट करने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं कुछ ही समय बाद धनिदास मानिकपुरी को रोककर चाकू दिखा कर लूटपाट की, विरोध करने पर बदमाशों ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया था। इसके अलावा उनके पास रखे मोबाइल और पैसा लेकर आरोपी फरार हो गए। इसके अलावा एक प्रार्थी ने बताया कि, वह अपने मोटरसाइकिल पर बैठा हुआ था तभी आरोपी चाकू की नोक पर मोबाइल और चार हजार रुपए लूट कर फरार हो गए।

महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाला आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

कोरबा | अरएनएस

प्रार्थिया मानिकपुर पुलिस चैकी क्षेत्र के द्वारा दिनांक 19.09.2024 को चैकी उपस्थित आकर लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर प्रथम सूचना पत्र दर्ज करायी कि घटना दिनांक नवम्बर 2023 से 15.09.2024 के मध्य में आरोपी निलेश सिंह के द्वारा इसे पत्नि बनाने का झांसा देकर इसके साथ शारीरिक संबंध बनाया जिससे यह गर्भवती हो गयी है। जो प्रार्थिया के रिपोर्ट पर पुलिस सहायता केन्द्र मानिकपुर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक-550ध्2024 धारा 376 भादवि, 69 बी0एन0एस0 पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है।

प्रकरण की गम्भीरता को पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी (भापुसे), श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यु0बी0एस0 चैहान (रा0पु0 से0) एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा भूषण एक्का (रा0पु0से0) को अवगत कराया, जो वरिष्ठ अधिकारीयो के प्राप्त के निर्देश के विवेचना कार्यवाही कर आरोपी की पता तलाश हेतु क्षेत्र में मुखबीर को सक्रिय किया गया। मुखबीर से प्राप्त सूचना एवं सायबर सेल कोरबा से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी का लोकेशन गुजरात राज्य में होना पाया गया। जो प्रकरण में आरोपी के धरपकड़ हेतु सउनि अमर जायसवाल के नेतृत्व में विशेष टीम तैयार कर गुजरात राज्य में पुलिस कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय से विधिवत् अनुमति प्राप्त कर रेड कार्यवाही कर अभियुक्त निलेश सिंह को हिरासत में लिया जाकर विधिवत् कार्यवाही करते हुए कोरबा लाया गया। प्रकरण का आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से उक्त धारा सदर में विधिवत गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

ट्रेनों में पटाखा ले जाते पकड़े जाने पर होगी सख्त कार्यवाही

कोरबा | आरएनएस

यात्री ट्रेनों में पटाखे ले जाते पकड़े जाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। आरपीएफ की टीम इस पर लगातार नजर रख रही है। संदिग्ध सामानों की जांच भी की जा रही है। कहीं कोई यात्री अपने साथ ज्वलनशील पदार्थ या पटाखे लेकर तो यात्रा नहीं कर रहा, इसे लेकर रेलवे ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। यात्रा के वक्त किसी प्रकार का विस्फोटक या ज्वलनशील पदार्थ लेकर ट्रेन में प्रवेश करना अनुचित व खतरनाक साबित हो सकता है। खासकर त्योहारी सीजन में ऐसी लापरवाही बिलकुल न हो, इस पर नजर रखने और यात्रा को सुरक्षित बनाने यात्रियों की जागरुकता के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ट्रेनों में यात्रा के दौरान इस प्रकार की लापरवाही बिलकुल भी न हो, इसे देखते हुए रेल प्रशासन की ओर से समय-समय पर विशेष अभियान चलाए जाते हैं। रेलवे सुरक्षा बल की टीम की ओर से स्टेशन में सघन जांच अभियान भी चलाया जाता हैं। दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे में भी संरक्षा को ध्यान में रखते हुए अग्नि निरोधक अभियान चला कर यात्रियों को समय-समय पर जागरूक किया जाता है। दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे की ओर से यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि अपनी और ट्रेन में सवार सभी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ज्वलनशील पदार्थ, विस्फोटक सामग्री या पटाखों को लेकर ट्रेन में प्रवेश न करें। ज्वलनशील पदार्थ या विस्पोटक सामग्री जैसे गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल, पटाके के साथ यात्रा न करें, यह दुर्घटनाकारक हो सकता है। ऐसा करते पकड़े गए तो होगा दंडनीय अपराध यात्रा के दौरान धूम्रपान करना, ज्वलनशील व विस्फोटक पदार्थ लेकर यात्रा करना रेल अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध भी हैं। ऐसा करने से यात्री के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी हो सकती है। इन पदार्थों के साथ किसी अन्य को यात्रा करते देखे जाने पर इसकी जानकारी तत्काल ट्रेन में ड्यूटी पर उपस्थित टीटीई, रेलवे सुरक्षा बल की टीम या अन्य रेल कर्मियों को प्रदान करें। वेंडरों की ओर से भी असुरक्षित तरीके से ट्रेन में प्रयुक्त जलती सिगड़ी या अन्य ज्वलशील सामग्री देखे जाने पर भी इसकी जानकारी

ईडी की छत्तीसगढ़ और झारखंड में दबिश

रायपुर | आरएनएस

प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार सुबह को छत्तीसगढ़ और झारखंड में दबिश दी है। छत्तीसगढ़ में कटोरा तालाब इलाके में ईडी की टीम ने छापा मारा है। बार संचालक के घर ईडी ने दबिश दी है। छत्तीसगढ़ में जहां कारोबारी के ठिकानों पर ईडी के अधिकारियों ने छापा मारा है, तो वहीं झारखंड में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह समेत अन्य करीबी रिश्तेदार और संबंधित अधिकारियों के सीए के ठिकानों पर छापा मारा है। इन छापेमारी के भी तार छत्तीसगढ़ से जुड़े हैं। ये कार्रवाई शराब घोटाले मामले में की गयी है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू ने पहले ही इस मामले में उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। रांची के विकास कुमार ने एफआईआर दर्ज कराने को लेकर आवेदन दिया था, जिसके बाद रायपुर में प्राथमिकी दर्ज हुई। आवेदन में कहा गया था कि शराब घोटाले की पूरी साजिश रायपुर में ही रची गयी थी और आबकारी नीति में फेरबदल कराया। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार सुबह को छत्तीसगढ़ और झारखंड में दबिश दी है।छत्तीसगढ़ में कटोरा तालाब इलाके में ईडी की टीम ने छापा मारा है। बार संचालक के घर ईडी ने दबिश दी है। छत्तीसगढ़ में जहां कारोबारी के ठिकानों पर ईडी के अधिकारियों ने छापा मारा है, तो वहीं झारखंड में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह समेत अन्य करीबी रिश्तेदार और संबंधित अधिकारियों के सीए के ठिकानों पर छापा मारा है। इन छापेमारी के भी तार छत्तीसगढ़ से जुड़े हैं। ये कार्रवाई शराब घोटाले मामले में की गयी है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू ने पहले ही इस मामले में उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। रांची के विकास कुमार ने एफआईआर दर्ज कराने को लेकर आवेदन दिया था, जिसके बाद रायपुर में प्राथमिकी दर्ज हुई। आवेदन में कहा गया था कि शराब घोटाले की पूरी साजिश रायपुर में ही रची गयी थी और आबकारी नीति में फेरबदल कराया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

इस दिवाली, गरीब महिलाओं के हाथ नहीं रहेंगे खाली : हाथों में पैसा होने से खरीद पाएंगी जरूरी सामान

❒ खुशियों में नहीं लगेगा ग्रहण, घर पर बना पाएंगी व्यंजन

रायपुर | आरएनएस

वनांचल के बसाहट में रहने वाली पहाड़ी कोरवा दशरी बाई हो या फिर कोरबा जिले से लगभग 120 किलोमीटर दूर अन्तिम छोर के गाँव डोकरमना की कामता बाई...इन सभी को याद है कि आज से एक साल पहले ऐसी कई दीवाली सहित त्यौहार आई..लेकिन इन त्योहारों की खुशियों में अक्सर गरीबी का ग्रहण ऐसा लग जाता था कि वे चाहकर भी खुशियों के मौके पर खुश नहीं हो पाती थीं। हाथों में पैसा नहीं होने से वे न तो अपनी पसंद की जरूरी सामग्री खरीद पाती थी और न ही घर पर कोई पसन्द का व्यंजन बना पाती थीं। अब जबकि महतारी वंदन योजना से खाते में हर महीने एक-एक हजार रुपए जमा हो रहे हैं तो इन गरीब महिलाओं को त्यौहार जैसे खास अवसरों में मुस्कुराने के साथ ही खुद का और रिश्तेदारों के मुंह मीठा करने का मौका मिल गया है। महतारी वंदन योजना में नाम जुडऩे के पश्चात हर महीने एक-एक हजार रुपए अपने खाते में प्राप्त करने वाली पहाड़ी कोरवा दशरी बाई की जिंदगी बहुत ही चुनौतियों तथा संघर्ष के बीच घिरी हुई है। घने जंगल में बसाहट में रहने वाली दशरी बाई के पास आमदनी का कोई साधन नहीं है। वह कुछ खास सीजन में कुछ रुपये वनोपज संग्रहण से जोड़ पाती है, इस बीच जिंदगी बहुत ही मुफलिसी से कटती है। उसके लिए घर का जरूरी सामान व राशन के इंतेजाम से और कुछ होता ही नहीं है। वह बताती है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने एक-एक हजार रुपए जो खाते में भेजा है वह उनके लिए बहुत ही काम आती है। राशन से जुड़े सामान खरीदने के साथ ही अपनी जरूरतों के सामग्री खरीद लेती है। उन्होंने बताया कि पति पण्डाराम को कभी-कभी काम मिलता है तो करते हैं। दशरी बाई ने बताया कि आने वाले दिनों में त्यौहार है। महतारी वंदन योजना से मिली राशि उसके लिए बहुत उपयोगी साबित होगी, क्योंकि इससे पहले कई त्यौहार खाली हाथ बीता है। इस बार इस राशि से कुछ न कुछ व्यंजन घर पर जरूर बनाएगी। कोरबा ब्लॉक के अन्तिम छोर के ग्राम डोकरमना की कामता बाई को भी हर महीने एक हजार मिलता है। उन्होंने बताया कि गाँव में मजदूरी मिलना आसान नहीं है। एक हजार रुपये गाँव की महिलाओं के लिए एक बड़ी राशि होती है। यह राशि मेरे खाते में आ गई है और इस पैसे का सदुपयोग इस त्यौहार में होगा। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत अन्तिम छोर के ग्राम पतुरियाडाँड़ की पिंकी पैकरा, रामबाई बताती है कि हर महीने उनके खाते में पैसा आ जाता है। उनके लिए महतारी वंदन की राशि उनके संघर्षमय जीवन को राहत पहुचाने वाला जैसा है। वृद्धा रामबाई ने बताया कि खाते में पैसा आने का भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे अनेक उम्मीदें भी सजने लगी है और इस बात की चिंता नहीं रहती कि त्यौहार जैसे मौके में कुछ पैसे के लिए किसी के आगे हाथ फैलाएं या उधार लें। उन्होंने बताया कि इस बार त्योहार सहित अन्य खास मौके में हाथ में पैसा रहने से अपने या किसी अन्य के लिए कुछ खरीद कर खुशियों को दुगनी कर सकते हैं। हमारे खुशियों को दुगनी करने वाले छत्तीसगढ़ सरकार को हम बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं।